# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.03.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा व उनकी टीम द्वारा 10,000/- रुपये के इनामी अपराधी मोहम्मद अली पुत्र मुन्ना निवासी चौकी भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया जो कि मु0अ0सं0 197/25 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली कर्वी में वांछित अभियुक्त था। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त मोहम्मद अली उपरोक्त उक्त मुकदमा में काफी दिनों से फरार चल

रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था ।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी थानाध्यक्ष बहिलपुरवा

2.आरक्षी सतीश यादव

3.आरक्षी अजीत

4. मुख्य आरक्षी चालक राजकुमार

(3). आज दिनांक 14.03.2026 को जनपद चित्रकूट में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर लिखित परीक्षा 2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के द्वारा में अपर पुलिस अक्षीक्षक श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सोनेपुर स्थित पेपर स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्रों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित रूप से रवाना किया गया।

इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पूरी पारदर्शिता एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए प्रश्नपत्रों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्ट्रांग रूम से निकाला गया तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ संबंधित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता के साथ ड्यूटी का निर्वहन किया जाए।

पूरे जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**(4).** आज दिनांक 14.03.2026 को जनपद चित्रकूट में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर लिखित परीक्षा 2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर की गई सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया। साथ ही केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से

सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।
अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों से शांतिपूर्ण एवं नियमों का पालन करते हुए परीक्षा देने की अपील भी की गई।

(5). आज दिनांक 14.03.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द वर्मा की उपस्थिति में क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, महिला थाना,यातायात एवं क्राइम ब्रांच कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों के अभिलेखों, मालखाने, लंबित विवेचनाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेखों का समुचित रख-रखाव करने, लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने तथा कार्यालय व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिला संबंधी प्रकरणों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतने एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए।
निरीक्षण के दौरान पीआरओ श्री प्रदीप पाल, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।
(6). आज दिनांक 14.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर लिखित परीक्षा 2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी, प्रवेश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, परीक्षा केन्द्रों के आसपास शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना प्राथमिकता है, जिसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा सभी केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

(7). पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़

श्री शिवआसरे एवं पैरोकार मुख्य आरक्षी सूरज सिंह द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ श्री एस.आनन्द द्वारा दिनांक 13.03.2026 को थाना बरगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 139/2017 धारा 60 आबकारी अधिनियम के आरोपी अभियुक्त राजेन्द्र कोल पुत्र भोलाई निवासी हरदी कला थाना बरगढ़ को जेल में बिताई गई अवधि व 2000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(8). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कैलाश राम चौकी परिक्रमा मार्ग खोही व उनकी टीम द्वारा  द्वारा अ0सं0 119/23 धारा 420 भादवि व 66 आईटी एक्ट के वारंटी अभियुक्त अर्जुन पुत्र धर्मपाल निवासी सरह बरौलिया थाना उधौती जनपद बदांयू हाल पता मेन मार्केट एस0डी0 पब्लिक स्कूल के पास थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1.उ0नि0 श्री कैलाश राम चौकी परिक्रमा मार्ग खोही

2.आरक्षी नागेश कुमार

3.आरक्षी रवि शंकर

4.म0आ0 श्यामलली